HAPUR POLICE

प्रेस नोट

थाना - गढमुक्तेश्वर **दिनांक 04.04.2026**

थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने हाईवे किनारे खडे वाहनों से तेल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 02 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, जिनके कब्जे से चोरी का 200 लीटर डीजल, चोरी करने के उपकरण, घटना में प्रयुक्त कैन्टर व अवैध असलहा बरामद।

कार्यवाहीः-

हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं चोरों/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना गढमुक्तेश्वर पुलिस द्वारा हाईवे किनारे खडे वाहनों से तेल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 02 अभियुक्तों को पलवाडा रोड बिजलीघर के पीछे जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से चोरी का 200 लीटर डीजल, चोरी करने के उपकरण, घटना में प्रयुक्त कैन्टर व अवैध असलहा बरामद हुआ है।

उपरोक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना गढमुक्तेश्वर पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पताः-

1. गुल्लु पुत्र मौ0 जामिल निवासी मिलन पैलेस के पास समर गार्डन 60 फुटा रोड थाना लिसाडी गेट जनपद मेरठ।
2. नौशेर पुत्र नुर मौहम्मद निवासी ग्राम देहरा थाना धौलाना जनपद हापुड़।

बरामदगी का विवरणः-

1. करीब 200 लीटर डीजल।
2. तेल चोरी करने के उपकरण।
3. घटना में प्रयुक्त कैन्टर रजि0 नं0 यूपी 15 ईटी 7566

4. एक अवैध तंमचा मय एक जिन्दा कारतूस .315 बोर।

5. एक अवैध चाकू।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. उ0नि0 श्री इन्द्रकान्त यादव थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़।
2. है0का0 634 सुधीर कुमार थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़।
3. है0का0 924 जयकुमार सैनी थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़।